**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1237**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**आंध्र प्रदेश में मनरेगा योजना**

**1237. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान आन्ध्र प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लाभार्थियों की , महिला लाभार्थियों सहित जिला-वार , विशेषकर विजयनगरम जिले में संख्या कितनी है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत आबंटित और उपयोग की गई निधियों का जिला-वार, विशेषकर विजयनगरम में , विशिष्ट रूप से परियोजना की स्थिति (चालू/पूर्ण/विलंबित) का ब्यौरा क्या है;

(ग) आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर विजयनगरम जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत लंबित प्रस्तावों की जिला-वार स्थिति क्या है और उनके लंबित रहने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर विजयनगरम जिले में मनरेगा के अंतर्गत की गई पहलों के कार्यान्वयन में कोई चुनौतियां/विलंब पेश आ रहे हैं और इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार के गारंटीशुदा दिनों की संख्या को 100 से बढ़ाकर 200 करने की योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं , तो इस वृद्धि पर विचार नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क):** विजयनगरम जिले सहित आंध्र प्रदेश राज्य में पिछले पांच वित्तीय वर्षों 2019-20 से 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों और महिला लाभार्थियों की जिलेवार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

**(ख):** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है। **महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निधियों का आवंटन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नहीं किया जाता है।** महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निधि जिले को नहीं बल्कि राज्य को जारी की जाती है।

पिछले पांच वित्तीय वर्षों 2019-20 से 2023-24 तक महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य को जारी निधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

| वित्तीय वर्ष | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश राज्य को जारी केंद्रीय निधि (करोड़ रुपये में) | 7,204.72 | 10,305.09 | 7,182.67 | 7,989.09 | 7,332.63 |

वित्तीय वर्ष 2024-25 (25 जुलाई 2024 तक) के दौरान विजयनगरम जिले सहित आंध्र प्रदेश राज्य में व्यय के साथ पूर्ण कार्यों और चल रहे कार्यों का जिलावार विवरण **अनुबंध**-II में दिया गया है।

**(ग):** आंध्र प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

**(घ):** मंत्रालय की जानकारी में कोई विशिष्ट चुनौतियां/विलंब नहीं आया है।

**(ङ) और (च):महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार के गारंटीशुदा दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।** तथापि, मंत्रालय वन क्षेत्र में प्रत्येक अनुसूचित जनजाति के परिवार को 50 दिनों के अतिरिक्त मजदूरी रोजगार (निर्धारित 100 दिनों से अधिक) के प्रावधान का अधिदेश देता है , बशर्ते कि इन परिवारों के पास वन अधिकार अधिनियम (एफआरए), 2006 के अंतर्गत प्रदत्त भूमि अधिकारों के अलावा कोई अन्य निजी संपत्ति न हो।

इसके साथ-साथ, सूखा/प्राकृतिक आपदा प्रभावित अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में एक वित्तीय वर्ष में 50 दिनों तक का अतिरिक्त मजदूरी रोजगार प्रदान करने का प्रावधान है।

इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 3(4) के अनुसार, राज्य सरकारें अपने स्वयं के कोष से अधिनियम के तहत गारंटीकृत अवधि से परे रोजगार के अतिरिक्त दिन उपलब्ध कराने का प्रावधान कर सकती हैं।

**दिनांक 30.07.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1237 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

| पिछले पांच वित्तीय वर्षों 2019-20 से 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों और महिला लाभार्थियों की जिले-वार संख्या , जिसमें आंध्र प्रदेश का विजयनगरम जिला भी शामिल है। | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2019-20 | | 2020-21 | |
| क्र.सं. | जिले | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त महिलाओं की संख्या | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त महिलाओं की संख्या |
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | अनकापल्ली | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | अनंतपुर | 559077 | 293488 | 765344 | 394379 |
| 4 | अन्नमय्या | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | बापतला | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | चित्तूर | 365548 | 205217 | 527868 | 289963 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 585542 | 297049 | 635436 | 309449 |
| 8 | एलुरु | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 9 | गुंटूर | 474861 | 255468 | 579208 | 306131 |
| 10 | काकीनाडा | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 11 | कोनासीमा | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 12 | कृष्णा | 370809 | 200089 | 509419 | 267195 |
| 13 | कुरनूल | 549244 | 297544 | 655046 | 346434 |
| 14 | नांदयाल | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 15 | नेल्लोर | 318602 | 179883 | 412067 | 224027 |
| 16 | एनटीआर | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 17 | पालनाडु | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 18 | पार्वतीपुरम मान्यम | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 19 | प्रकाशम | 695279 | 387503 | 832738 | 448644 |
| 20 | श्री सत्य साई | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 21 | श्रीकाकुलम | 613449 | 371670 | 708353 | 411170 |
| 22 | तिरुपति | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 23 | विशाखापत्तनम | 544551 | 298691 | 649550 | 349270 |
| 24 | विजयनगरम | 600660 | 343948 | 716160 | 390081 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 483518 | 253345 | 549155 | 280639 |
| 26 | वाई.एस.आर | 340563 | 199529 | 413871 | 233250 |
| | **कुल** | **6501703** | **3583424** | **7954215** | **4250632** |

| पिछले पांच वित्तीय वर्षों 2019-20 से 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों और महिला लाभार्थियों की जिले-वार संख्या , जिसमें आंध्र प्रदेश का विजयनगरम जिला भी शामिल है। | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
| क्र.सं. | जिलें | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त महिलाओं की संख्या | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त महिलाओं की संख्या | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त महिलाओं की संख्या |
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | लागू नहीं | लागू नहीं | 362306 | 183519 | 372018 | 188342 |
| 2 | अनकापल्ली | लागू नहीं | लागू नहीं | 301292 | 180941 | 305986 | 185342 |
| 3 | अनंतपुर | 726112 | 376107 | 362968 | 191347 | 341790 | 181365 |
| 4 | अन्नमय्या | लागू नहीं | लागू नहीं | 231734 | 128871 | 243550 | 135614 |
| 5 | बापतला | लागू नहीं | लागू नहीं | 294942 | 155688 | 294832 | 156444 |
| 6 | चित्तूर | 503284 | 280109 | 241165 | 135826 | 234534 | 133361 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 612335 | 307155 | 145701 | 76201 | 137325 | 74272 |
| 8 | एलुरु | लागू नहीं | लागू नहीं | 463265 | 246804 | 442883 | 239546 |
| 9 | गुंटूर | 594978 | 314005 | 120422 | 66207 | 119215 | 66636 |
| 10 | काकीनाडा | लागू नहीं | लागू नहीं | 231006 | 113173 | 225242 | 111747 |
| 11 | कोनासीमा | लागू नहीं | लागू नहीं | 180489 | 103484 | 177542 | 102378 |
| 12 | कृष्णा | 557377 | 293191 | 261050 | 134673 | 262385 | 136279 |
| 13 | कुरनूल | 606032 | 324849 | 349799 | 183881 | 354296 | 186447 |
| 14 | नांदयाल | लागू नहीं | लागू नहीं | 285366 | 159282 | 283819 | 159437 |
| 15 | नेल्लोर | 418630 | 229097 | 321060 | 182574 | 333831 | 192709 |
| 16 | एनटीआर | लागू नहीं | लागू नहीं | 245738 | 134923 | 255633 | 140702 |
| 17 | पालनाडु | लागू नहीं | लागू नहीं | 336122 | 179050 | 340098 | 181107 |
| 18 | पार्वतीपुरम मान्यम | लागू नहीं | लागू नहीं | 305267 | 166015 | 307119 | 167713 |
| 19 | प्रकाशम | 793584 | 429544 | 572703 | 309428 | 541695 | 293469 |
| 20 | श्री सत्य साई | लागू नहीं | लागू नहीं | 268341 | 140262 | 251915 | 132508 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 670709 | 399378 | 498063 | 312458 | 505991 | 318374 |
| 22 | तिरुपति | लागू नहीं | लागू नहीं | 281624 | 161064 | 275435 | 158878 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 603766 | 330637 | 39654 | 25512 | 40278 | 26130 |
| 24 | विजयनगरम | 705322 | 390713 | 499040 | 296880 | 504482 | 302163 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 548986 | 285516 | 164365 | 85503 | 153954 | 82138 |
| 26 | वाई.एस.आर | 396341 | 224615 | 235733 | 139252 | 237080 | 140158 |
| | **कुल** | **7737456** | **4184916** | **7599215** | **4192818** | **7542928** | **4193259** |

**दिनांक 30.07.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1237 के भाग (ख) के उत्तर में अल्लेखित अनुबंध-II**

2024-25 के दौरान विजयनगरम जिले सहित आंध्र प्रदेश राज्य में (25 जुलाई 2024 तक) पूर्ण हो चुके और चल रहे कार्यों की व्यय सहित जिला-वार संख्या

| क्र.सं. | जिले | पुर्ण हो चुके | | चल रहे | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यों की संख्या | व्यय (लाख रुपए में) | कार्यों की संख्या | व्यय (लाख रुपए में) |
| | कुल | 122019 | 54013.53 | 849377 | 438736.32 |
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | 6151 | 3501.83 | 58485 | 34631.78 |
| 2 | अनकापल्ली | 4306 | 3136.88 | 33561 | 27079.81 |
| 3 | अनंतपुर | 4267 | 1287.44 | 40388 | 21245.97 |
| 4 | अन्नमय्या | 5994 | 3394.01 | 33212 | 12647.82 |
| 5 | बापतला | 4026 | 1841.49 | 34843 | 13722.5 |
| 6 | चित्तूर | 5572 | 1603.19 | 39432 | 9175.8 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 5051 | 1552.44 | 17529 | 7968.86 |
| 8 | एलुरु | 5429 | 2809.37 | 35158 | 22943.75 |
| 9 | गुंटूर | 1984 | 124.36 | 16439 | 6388.2 |
| 10 | काकीनाडा | 4698 | 459.82 | 23798 | 12482.28 |
| 11 | कोनासीमा | 2216 | 509.04 | 22269 | 13823.15 |
| 12 | कृष्णा | 8689 | 264.66 | 39706 | 17101.31 |
| 13 | कुरनूल | 4001 | 1367.21 | 38672 | 15151.87 |
| 14 | नांदयाल | 3883 | 687.99 | 34552 | 12749.6 |
| 15 | नेल्लोर | 3772 | 476.41 | 45670 | 12983.2 |
| 16 | एनटीआर | 9540 | 7480.92 | 19313 | 9205.91 |
| 17 | पालनाडु | 1970 | 896.73 | 32229 | 14852.19 |
| 18 | पार्वतीपुरम मन्यम | 3413 | 3983.79 | 39786 | 25832.18 |
| 19 | प्रकाशम | 2959 | 1075.98 | 40524 | 24699.97 |
| 20 | श्री सत्य साई | 6926 | 3005.86 | 30756 | 12646.98 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 9985 | 7911.58 | 37022 | 35220.42 |
| 22 | तिरुपति | 7056 | 3864.82 | 27294 | 11198.43 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 435 | 30.21 | 5605 | 3543.5 |
| 24 | विजयनगरम | 4402 | 2188.84 | 37251 | 32161.92 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 3332 | 131.07 | 25947 | 9696.97 |
| 26 | वाई.एस.आर | 1962 | 427.59 | 39936 | 19581.95 |
| | **कुल** | **122019** | **54013.53** | **849377** | **438736.32** |